कोटद्वार, बुधवार
6 नवम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 184 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# सरकार लेगी शिवानी की देखभाल और शिक्षा की जिम्मेदारी : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य स्थापना के कार्यक्रम सादगी से मनाये जायेंगे। मार्चुला में सोमवार को हुए बस हादसे के कारण मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस दुर्घटना में अपने माता-पिता को खोने वाली बेटी शिवानी की देखभाल और शिक्षा कि जिम्मेदारी राज्य सरकार लेगी, ताकि वह जीवन में आगे बढ़कर स्वयं और अपने माता-पिता के सपने साकार कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल हुई वाहन दुर्घटना में सबंधित चौकी प्रभारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।



सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यह आकलन कर लिया जाए कि पर्वतीय क्षेत्रों में कहां अतिरिक्त बसें चलाने की आवश्यकता है। आवश्यकता के अनुसार नई गाड़िया खरीदकर उन क्षेत्रों में व्यवस्था की जाए। त्योहारों के दृष्टिगत भी जिन क्षेत्रों में अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करने की आवश्यकता प्रतीत होती है, वह व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्यमंत्री ने पहले ही निर्देश दिये थे कि सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों पर क्रैश बैरियर लगाये जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का जबाब तलब किया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी छठ पूजा की शुभकामनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को छठ पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा का पर्व सूर्य देवता की उपासना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का महान अवसर है। यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के प्रेम को भी दर्शाता है। सूर्य देवता की आराधना से हम जीवन के हर पहलू में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का अनुभव करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा का महत्व सिर्फ धार्मिक आस्था में नहीं, बल्कि हमारे समाज की संस्कृति, एकता और सौहार्द में भी निहित है। यह पर्व हमें एकजुट करता है और हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाने की प्रेरणा देता है। भगवान भास्कर एवं छठी मइया सबकी मनोकामना पूर्ण करें इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

### पुरानी पेंशन बहाली को ईगास पर लगेगा मंडाण

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की ओर से आंदोलन तेज किया जाएगा। सचिवालय कूच के बाद मोर्चा ने ईगास पर्व पर मंडाण के आयोजन का ऐलान किया। मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने कहा कि ईगास पर्व पर मोर्चा की ओर से प्रदेश भर में मंडाण का आयोजन किया जाएगा। मंडाण लगा कर सरकार, शासन, प्रशासन को जगाया जाएगा। बताया जाएगा कि पुरानी पेंशन किस तरह कर्मचारियों के लिए बेहद जरूरी है। क्योंकि पुरानी पेंशन के जो विकल्प सरकार की ओर से दिए गए हैं, वो कर्मचारियों को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। पहले एनपीएस के नाम पर कर्मचारियों को गुमराह किया गया है। अब केंद्र सरकार ने यूपीएस की नई योजना के नाम पर कर्मचारियों को उलझाने का काम किया है। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सीताराम पोखरियाल ने बताया कि ईगास पर्व पर लगाए जाने वाले मंडाण में कर्मचारी अपने अपने परिजनों और सामाजिक संगठनों के साथ भागीदारी कर सरकार पर दबाव बनाएंगे। सरकार को बताया जाएगा कि एनपीएस, यूपीएस के स्थान पर तत्काल ओपीएस को लागू कर कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित बनाया जाए। सरकार ने यदि इस बार ओपीएस बहाली को लेकर जल्द फैसला न लिया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर कुमाऊं यूनिवर्सिटी के छात्रों ने काटा हंगामा

नैनीताल। छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर गुस्साए छात्रनेताओं ने एक बार फिर कुमाऊं विवि में जमकर हंगामा काटा। उन्होंने कुलसचिव का घेराव कर तत्काल चुनाव कार्यक्रम घोषित करने की मांग की, साथ ही कुलपति की गैर मौजूदगी पर भी कड़ी नाराजगी जताई।

छात्रों ने एक स्वर में नौ नवंबर से प्रस्तावित परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने की मांग भी की है, मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर छात्र देर रात तक विवि में डटे रहे। हाई कोर्ट के छात्रसंघ चुनाव से संबंधित आदेश के बाद विश्वविद्यालय में दीपावली अवकाश घोषित कर दिया गया था। जिस कारण छात्रों में भी चार नवंबर तक आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की थी।

### योगी को धमकी भरा मैसेज भेजने वाली युवती रिहा

मुंबई। मैसेज भेजकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार युवती को पूछताछ के बाद मुंबई पुलिस ने रिहा कर दिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपित फातिमा खान को मुंबई आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने उल्हासनगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया था। उसे पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया और बाद में रविवार को रिहा कर दिया गया।

मुंबई पुलिस को भेजा गया था मैसेज

मुंबई यातायात पुलिस के वाट्सएप नंबर पर शनिवार को मैसेज आया था, जिसमें धमकी दी गई कि अगर आदित्यनाथ ने 10 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया तो राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की तरह उनकी हत्या कर दी जाएगी।

## उत्तराखंड में पांच अपर शिक्षा निदेशकों को मिली नई तैनाती, दो महीने से था इंतजार

देहरादून। शासन ने पदोन्नत किए गए पांच अपर शिक्षा निदेशकों को दो माह से अधिक समय के बाद नई तैनाती दी है। आशा रानी पैन्यूली को एससीईआरटी में अपर निदेशक और रघुनाथ लाल आर्य को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में अपर निदेशक बनाया गया है। वहीं, डॉ मुकुल कुमार सती को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में अपर निदेशक का पदभार सौंपा गया है। डॉ सती वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा निदेशक पद का प्रभार भी संभाल रहे हैं। शिक्षा सचिव रविनाथ रामन ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किए। शिक्षा विभाग में पांच संयुक्त शिक्षा निदेशकों को डीपीसी के बाद 29 अगस्त, 2024 को अपर निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया था। पदोन्नत अपर निदेशकों को अपने कार्यस्थलों पर ही कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही आदेश में यह भी कहा गया था कि नई तैनाती के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट से मदरसों को बड़ी राहत

# मदरसा एक्ट को बताया संवैधानिक

नई दिल्ली।सुप्रीम कोर्ट ने आज बड़ा फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को संवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने इसी के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च के फैसले को भी खारिज कर दिया, जिसमें यूपी मदरसा अधिनियम को रद्द किया गया था। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के फैसले के बाद राज्य के मदरसों को मान्यता मिलने और उनके संचालन में स्थायित्व आने की संभावना है। अदालत ने माना कि एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं।

**मदरसा शिक्षा को लेकर नियम बना सकती है सरकार**

रउ ने कहा कि सरकार मदरसा शिक्षा को लेकर नियम बना सकती है। किसी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। रउ ने यह भी कहा कि मदरसा बोर्ड फाजिल, कामिल जैसी उच्च डिग्री नहीं दे सकता, जो यूजीसी अधिनियम के विपरीत है।

**हाईकोर्ट ने रद्द किया था कानून**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसी साल 22 मार्च को यूपी मदरसा एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ये कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है और मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को नियमित स्कूलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी।

**मदरसा एक्ट क्या है?**

यूपी मदरसा एक्ट को साल 2004 में बनाया गया था। इसके तहत ही मदरसा बोर्ड का गठन हुआ। इसका मुख्य मकसद मदरसा में होने वाली शिक्षा की व्यवस्था को ठीक करना था। यूपी में कुल 25 हजार मदरसे हैं, जिनमें से लगभग 16 हजार को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा से मान्यता मिली है तो वहीं 8 हजार के करीब मदरसों को बोर्ड ने मान्यता नहीं दी है।

## कनाडा में भारतीय सुरक्षित नहीं!

# भारत ने जताई चिंता, जस्टिन ट्रूडो सरकार को दिया अल्टीमेटम



नई दिल्ली। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू पूजा स्थल पर खालिस्तान समर्थकों की तरफ से हमला करने और वहां पूजा के लिए एकत्रित भारतीय समुदाय के लोगों पर हमला करने के घटनाक्रम की कड़े शब्दों में निंदा की है और कनाडा सरकार से कहा है कि वह सभी तरह के धार्मिक स्थलों को इस तरह के हमले से बचाने के उपाय करे। यह हमला एक दिन पहले हुआ था।

सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आये हैं उसमें साफ तौर पर दिखता है कि हिंदू मंदिर के सामने पहले खालिस्तान समर्थकों की टोली गाड़ियों से आती है और खालिस्तानी झंडों के साथ वहां एकत्रित लोगों के साथ मारपीट करती है। वहां की पुलिस की बीच–बचाव करती दिखती है। पीएम जस्टिन ट्रुडो ने भी इस हमले को अस्वीकार्य करार दिया है जबकि स्थानीय पुलिस की तरफ से दो–तीन लोगों की गिरफ्तारी की बात कही गई है।

**भारत ने की सुरक्षा देने की मांग**

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा है कि एक दिन पहले ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर अतिवादियों व अलगाववादियों की तरफ से हिंसक हमले की हम निंदा करते हैं। हम कनाडा सरकार से सभी तरह के पूजा स्थलों पर इस तरह के हमले को पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग करते हैं। हमें यह भी उम्मीद है कि इस तरह की हिंसा में जो लोग शामिल हैं उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा।

## देहरादून नगर निगम में बड़ी कार्रवाई

देहरादून। नगर निगम में आउटसोर्स पर रखे गए कई कर्मचारियों को हटाने के लिए सूची फाइनल कर ली गई है। दीपावली के तुरंत बाद बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मियों को झटका लगने वाला है। करीब 90 से अधिक कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। अगले दो दिन में कर्मचारियों को बर्खास्तगी के आदेश जारी हो सकते हैं। राजनीतिक दबाव के चलते अभी शासन स्तर पर सूची पर मोहर लगने का इंतजार है। नगर निगम में आउटसोर्स पर करीब सवा तीन सौ कर्मचारी रखे गए हैं। जिनमें से ज्यादातर लापता हैं, हालांकि कई कर्मचारी नियमित रूप से निगम कार्यालय पहुंचकर अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। लेकिन, शासन के छंटनी के निर्देश के बाद बीते तीन सप्ताह से अनावश्यक कर्मियों की सूची तैयार कर उन्हे बाहर का रास्ता दिखाने की कसरत चल रही है। वहीं, नेताओं की सिफारिश पर रखे गए कर्मचारियों को लेकर अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

# मरचूला बस हादसाः आंगन से उठी अर्थियां, बिलख उठे स्वजन



●धुमाकोट की गूजडू पट्टी के किनाथ व बराथ समेत आसपास के गांवों में पसरा सन्नाटा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : अल्मोड़ा जिले के सल्ट विकासखंड के मरचूला में हुए बस हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। मंगलवार को मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। घर के आंगन से जैसे ही अपनों की अर्थियां उठी स्वजन बिलखने लगे। धुमाकोट की गूजडू पट्टी के किनाथ व बराथ समेत आसपास के गांवों में पूरी तरह सन्नाटा छाया हुआ था। सोमवार को यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में पौड़ी गढ़वाल के 27 यात्रियों समेत 36 की मौत हो गई थी। जबकि 27 घायल हैं। रामनगर अस्पताल से छह यात्रियों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। 11 को अन्यत्र रेफर किया गया है। जबकि नौ लोग रामनगर अस्पताल में उपचाराधीन है। खतरनाक मोड़ में बस मोड़ते समय कमानी टूटने को हादसे की वजह बताया जा रहा है। गढ़वाल मोटर यूजर्स कोऑपरेटिव सोसायटी (यूजर्स) की 42 सीटर बस में 63 यात्री सवार थे। हादसे में 28 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आठ ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों में दस महिलाओं के अलावा बुजुर्ग और बच्चे भी हैं। हादसे के बाद धुमाकोट की गूजडू पट्टी के किनाथ व बराथ समेत आसपास के गांवों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### नहीं चली दूसरी बस

सोमवार को हुई दुर्घटनाग्रस्त में यूजर्स कंपनी की अभागी बस की जगह मंगलवार को कोई दूसरी बस सेवा नहीं चली। गांव के बाजार बंद रहे। परिवहन कंपनी की ओर से सोमवार रात को क्षेत्र में भेजी गई एक बस से बराथ के ग्रामीण चार शवों को लेकर अंतिम संस्कार के लिए हरिद्वार ले गए। किनाथ गांव के दो मृतकों पति-पत्नी प्रवीण और मीना का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन गांव ले आए थे। जिनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में गांव से करीब 4 किमी. दूर पैतृक घाट पर हुआ।

### मई माह में हुई थी शादी

प्रवीण और मीना की शादी इसी साल मई में हुई थी। उनके वृद्ध पिता भजन सिंह और मां गोदांबरी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन नियति को कोस रहे हैं। इसी गांव की एक महिला दमंयती देवी (76) का शव परिजन पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए रामनगर ले गए हैं। वह गांव में अकेली रहती थी और बच्चों के पास जाने के लिए उस अभागी बस में सवार हुई थी।

# सात करोड़ मिले फिर भी लोनिवि ने नहीं लगाए क्रैश बैरियर, सीएम ने बैठाई जांच

देहरादून। अल्मोड़ा के मरचूला बस हादसे ने सड़क सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। दो साल में लोक निर्माण विभाग को यहां क्रैश बैरियर लगाने के लिए सात करोड़ रुपये दिए गए थे। इसके बावजूद क्रैश बैरियर नहीं लगाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त नाराजगी जताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। इससे पहले सीएम के आदेश पर सोमवार को ही दो प्रभारी एआरटीओ को निलंबित किया गया था।मरचूला में बस हादसे के कारणों में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही भी प्रमुख तौर पर मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि यह सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त थी। इस पर कहीं भी सड़क सुरक्षा के लिए क्रैश बैरियर नहीं लगाए गए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को बैठक ली तो लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सख्त नाराजगी जताई। दो साल में क्रैश बैरियर लगाने के लिए लोनिवि को सात करोड़ का बजट दिया गया था। इसके बावजूद अधिकारी खामोश बैठे रहे। उन्होंने कोई इंतजाम नहीं किया। सीएम धामी ने लोनिवि अफसरों से पूछा है कि बजट मिलने के बावजूद क्रैश बैरियर क्यों नहीं बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं।



**बसें कम होने पर जल्द नई बसें खरीदें**

मामले में परिवहन विभाग के दो एआरटीओ सोमवार को ही निलंबित कर दिए गए थे। अब जांच के बाद लोनिवि अफसरों पर भी सरकार कार्रवाई कर सकती है। उधर, सीएम ने 10 दिन के भीतर रोडवेज बसों की उपलब्धता का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार के समय अतिरिक्त बसें संचालित की जाएं। बसें कम होने पर नई बसें जल्द खरीदी जाएं। आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

## अरविंद केजरीवाल की बढ़ सकती हैं मुसीबतें!

दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बनाए गए 'शीश महल' में अवैध निर्माण और वित्तीय अनियमितताओं पर उनकी शिकायत को स्वीकार कर लिया है।

सीवीसी ने इस शिकायत को आगे की जांच के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को भेज दिया है, और यह आश्वासन दिया है कि तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**क्या है शीश महल घोटाला**

प्रदेश भाजपा ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री आवास के सौंदर्यीकरण पर करीब 45 करोड़ रुपये खर्च किए गए। भाजपा ने तत्कालीन सीएम को आड़े हाथों लेते हुए नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। इस पर पलटवार करते हुए आप ने भाजपा पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया था। साथ ही कहा था कि मुख्यमंत्री आवास किसी की निजी संपत्ति नहीं है।

# भारत जैसा जातिगत भेदभाव कहीं नहीं, दुनिया में सबसे खराब'-राहुल गांधी

हैदराबाद। राहुल जाति जनगणना पर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान भारत में कथित जातिगत भेदभाव को लेकर बयान दिया। बकौल राहुल गांधी, 'जिस तरह का जातिगत भेदभाव भारत में होता है, ऐसा दुनिया में कहीं नहीं होता। उन्होंने कहा कि जाति आधारित भेदभाव के मामले में देश की स्थिति दुनिया में सबसे खराब है।

**देश में 50 प्रतिशत आरक्षण की कृत्रिम सीमा ध्वस्त करेगी कांग्रेस**

हैदराबाद में राहुल गांधी ने कहा, 'मेरे लिए तेलंगाना राष्ट्रीय जाति जनगणना का मॉडल है। देश में 50 प्रतिशत आरक्षण की कृत्रिम सीमा को ध्वस्त कर दिया जाएगा।' मंगलवार को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) की बैठक में राहुल गांधी की मौजूदगी में राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा 6 नवंबर से किए जाने वाले जाति सर्वेक्षण पर चर्चा की गई।



**सामाजिक समूहों, जाति संघों और कांग्रेस नेताओं से बातचीत**

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि राहुल ने सामाजिक समूहों, जाति संघों और कांग्रेस नेताओं से बातचीत की। बेगमपेट हवाई अड्डे पर और बाद में बोवेनपल्ली में एक कार्यक्रम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके कैबिनेट सहयोगियों, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ और अन्य नेताओं ने राहुल का भव्य स्वागत किया।

**क्या है तेलंगाना सरकार की योजना**

राज्य सरकार ने पिछले साल विधानसभा चुनावों से पहले राहुल गांधी के वादे के अनुसार व्यापक सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण कराने का एलान किया था। सर्वेक्षण बुधवार से शुरू होगा।

# दिल्ली में चलेगा एंटी ओपन बर्निंग अभियान, 588 टीम तैनात

दिल्ली । पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विंटर एक्शन प्लान को लेकर मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए, राजस्व विभाग, जल बोर्ड, विकास विभाग, दिल्ली पुलिस, डीटीसी आदि विभागों के अधिकारी शामिल रहे। बैठक के दौरान पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विंटर एक्शन प्लान के 21 बिन्दुओं पर चर्चा की। बैठक में ग्रैप के कार्यान्वयन को लेकर भी विभागों को निर्देश दिए गए।

**6 नवंबर से एक महीने तक चलेगा एंटी ओपन बर्निंग अभियान**

गोपाल राय ने बताया कि विंटर एक्शन प्लान के तहत सरकार 6 नवंबर से एक महीने के लिए दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत संबंधित विभागों की 588 पेट्रोलिंग टीम तैनात की जाएंगी। यह सभी टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओं की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। साथ ही सरकारी विभागों, आरडब्ल्यूए और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि रात की ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड को हीटर उपलब्ध करवाएं। जिससे खुले में बायोमास और ठोस अपशिष्ट को जलाने में कमी आए। 500 वर्ग मीटर से ऊपर की निर्माण साइट पर काम करने वाले रात्रि सुरक्षागार्डों को भी बिजली के हीटर वितरित करने का निर्देश दिया गया है।



**आने वाले 10 दिन दिल्ली के लिए भारी**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि ठंड बढ़ने तथा हवा की गति कम होने के कारण दिल्ली और पास के राज्यों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच में रहा है। वैज्ञानिकों की राय के अनुसार तेजी से तापमान कम हो रहा है और हवा की गति भी काफी कम है। आने वाले 10 दिन दिल्ली के लिए भारी रहने वाले हैं। इसीलिए प्रदूषण के खिलाफ सभी संबंधित विभागों द्वारा किये गए कार्यों को लेकर आज दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक बुलाई गई।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि एंटी डस्ट अभियान से संबंधित टीमों ने अभी तक 7927 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा–निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 428 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही, 63 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

## कनाडा में हिंदुओं पर हमला : भाजपा ने दिया सख्त कदम का भरोसा

नई दिल्ली। भाजपा ने कनाडा में हिंदुओं पर हुए हमले को लेकर सख्त कदम उठाने का भरोसा दिया है। पार्टी ने सोमवार को कहा कि जब भी हिंदुओं के उत्पीड़न या उनके अधिकारों के हनन की बात आती है तो भाजपा और उसकी सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस घटना के बारे में पूछे जाने पर कहा, "हम सभी ने देखा है कि भारत ने कनाडा को कितना कड़ा और स्पष्ट जवाब दिया है।

मुझे लगता है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए भारत अपना रुख बहुत दृढ़ता से रखेगा और जो भी जरूरी कदम हो वह उठाएगा।"

# किशोरी को पिलाया नशीला पदार्थ, फिर चाकू की नोक पर किया दुष्कर्म

देहरादून । विकासनगर कोतवाली क्षेत्र के एक होटल में बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाने के बाद चाकू की नोक पर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का मेडिकल करवाया जा रहा है। पोक्सो न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़िता के 164 के बयान दर्ज करवाए जाएंगे। कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी के साथ होटल के कमरे में दुष्कर्म का एक पुराना मामला सामने आया है। किशोरी के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सहारनपुर के बेहट निवासी एक दूसरे समुदाय के युवक ने उनकी 16 वर्षीय बहन को क्षेत्र के होटल में बुलाया। युवक ने उनकी बहन को नशीला पदार्थ पिला दिया। विरोध करने पर चाकू की नोक पर उनकी बहन के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने उनकी बहन की अश्लील वीडियो और फोटो भी बना ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने दुष्कर्म की बात किसी को बताने पर उनकी बहन का वीडियो, फोटो वायरल करने और परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी राजेश साह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुराने कानून आईपीसी के तहत आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट, हानिकारक पदार्थ देकर चोट पहुंचाने, लज्जा भंग करने के लिए हमला और आपराधिक धमकी आदि संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को सहारनपुर के कलसिया चौक से गिरफ्तार कर लिया।

सम्पादकीय

## स्थापना दिवस में सादगी

अल्मोड़ा में हुए बस हादसे के बाद पूरे राज्य में शोक का माहौल है और सभी यह सोचकर चिंतित है कि राज्य में परिवहन व्यवस्था की स्थिति आखिर कब ढर्रे पर आएगी? पहाड़ से लेकर मैदान तक लोग शोक में है और इन 36 जिंदगियों को लेकर उनकी आत्मा की शांति की दुआ कर रहे हैं तो वही 24 लोग जो घायल हुए हैं उनके स्वास्थ्य की कामना भी की जा रही है। एक तरफ यह दर्दनाक घटना तो दूसरी तरफ राज्य स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी सरकार ने कैंची चला दी है। सरकार का यह निर्णय प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना को प्रदर्शित करता है। निर्णय लिया गया है कि बस दुर्घटना के बाद राज्य सरकार द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आठ नवंबर को प्रस्तावित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर प्रदेशभर में सेवा और स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। सरकार के इस निर्णय के बाद उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के सभी कार्यक्रम अब सादगी से मनाए जाएंगे। उत्तराखंड के लिए अल्मोड़ा के मर्चुला में हुई सड़क दुर्घटना राज्य के लोगों के लिए बड़ा शोक है और इन परिस्थितियों में राज्य स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रमों का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। इन परिस्थितियों में राज्य स्थापना दिवस को अब पूर्ण तौर पर सादगी से मनाने का फैसला किया है। राज्य स्थापना दिवस के तहत आयोजित होने वाले बड़े समारोह, लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जाएगा। सरकार ने राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आठ नवंबर को होने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वैसे भी इन कार्यक्रमों से अधिक उन जख्मों पर मरहम लगाने की जरूरत है जो न सिर्फ अल्मोड़ा बस दुर्घटना बल्कि आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से प्रभावित होते आ रहे हैं। पहाड़ों से लेकर मैदान तक परिवहन के ढर्रे को सुधारने की जरूरत है और जिस प्रकार से पूरे प्रदेश के अंदर ओवरलोडिंग वाहन संचालन एक सामान्य बात बन गई है उससे पार पाने के लिए सरकार को ठोस पैमाने पर जुगत लगानी पड़ेगी। सिर्फ एक कर्मचारी के निलंबन से यह हालात सुधरने वाले नहीं हैं, और इस व्यवस्था में सुधार के लिए भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन तंत्र की जरूरत है। यहां एक सराहनीय फैसला राज्य पुलिस द्वारा लिया गया है जिसमें चौकी प्रभारी की भूमिका भी अब सुनिश्चित की जाएगी लेकिन यहां यह भी नजर रखनी होगी कि परिवहन विभाग की तरह ही कहीं चेकिंग के नाम पर थाना चौकी स्तर पर भी वाहनों से वसूली का काम ना शुरू हो जाए। व्यवस्थाएं ऐसी बननी चाहिए जिसका सीधा और एकमात्र उद्देश्य यात्रियों एवं सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा हो। इसके लिए वाहनों की फिटनेस से लेकर क्षमता से अधिक सवारियां भरने की गतिविधियों पर कड़ाई के साथ लगाम कसनी होगी। इस बड़ी घटना में राज्य सरकार ने राज्य स्थापना दिवस को सामान्य तरीके से बनाने को लेकर घटना के प्रति अपनी गंभीरता का दर्शाया है लेकिन इससे भी अधिक गंभीरता सरकार को परिवहन एवं पुलिस व्यवस्था को चाक चौबंद करने में दिखानी होगी। दुर्घटनाओं के बाद होने वाली मजिस्ट्री जांच व्यवस्थाओं में सुधार में कभी भी सहायक सिद्ध नहीं हुई है, और यह अब तक केवल एक औपचारिकता ही बनती हुई नजर आई है। प्रदेश में हो रही इन दुर्घटनाओं के बाद अब यह जरूरी हो गया है कि पहाड़ों से लेकर मैदान तक हर तरह की परिवहन व्यवस्था में परिवर्तन की समीक्षा जरूरी है।

# परिसीमन का क्या पैमाना होगा?

**आजादी के बाद से मोटे तौर पर आबादी के आधार पर ही लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या तय होती रही है। तभी उत्तर प्रदेश में 80 सीटें हैं और तमिलनाडु में 39 हैं। लेकिन आजादी के बाद राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों को अलग अलग तरीके से लागू किया। आर्थिक रूप से विकसित राज्यों ने बेहतर ढंग से जनसंख्या नियंत्रण का किया तो उनके यहां जनसंख्या वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे आ गई। दक्षिण के राज्यों में तो जनसंख्या बढऩे की दर रिप्लसमेंट रेट से भी कम है। रिप्लेसमेंट रेट 2.1 है। इसका मतलब होता है कि अगर दो लोग मिल कर 2.1 बच्चे पैदा करते हैं तो जनसंख्या नहीं बढ़ेगी वह स्थिर हो जाएगी। दक्षिण के राज्यों में जनसंख्या बढऩे की दर 1.6 फीसदी है, जो रिप्लेसमेंट रेट से काफी कम है, जबकि उत्तर के राज्यों खास कर बिहार और उत्तर प्रदेश में वृद्धि दर रिप्लेसमेंट रेट से ज्यादा है। ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति रही है तभी दक्षिण के राज्यों में आबादी नियंत्रित हो गई और उत्तर भारत के राज्यों में बढ़ती चली गई। हालांकि अब वहां भी रफ्तार धीमी हो रही है लेकिन उन राज्यों की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। अगर इस आधार पर उनकी लोकसभा सीटें बढ़ती हैं तो यह उन राज्यों के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने अपने यहां आबादी का बढऩा रोका। उन्होंने अच्छा काम किया इसके लिए उनको सजा नहीं दी जानी चाहिए।अगर सरकार पारंपरिक रूप से आबादी को आधार बनाती है और औसतन 20 लाख की आबादी पर एक सीट का फॉर्मूला तय होता है तो दक्षिण के ज्यादातर राज्यों में सीटों में कोई बदलाव नहीं होगा, जबकि उत्तर प्रदेश में सीटों की संख्या 80 से बढ़ कर 120 हो जाएगी।**

**अजीत द्विवेदी**

केंद्र सरकार ने जनगणना की अधिसूचना जारी नहीं की है, लेकिन एक, जनवरी 2025 से प्रशासनिक सीमाएं सील हो जाएंगी और उससे पहले भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण का कार्यकाल अगस्त 2026 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि अगले साल जनगणना होगी। उसके अगले साल यानी 2026 में लोकसभा सीटों का परिसीमन होगा और फिर इसी आधार पर 2029 में साथ होने वाले चुनाव में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने एक सामाजिक कार्यक्रम में, जहां 16 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया जाना था, वहां कहा कि 'जब हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहां संसद में सीटों की संख्या कम होने वाली है तो हमें छोटा परिवार क्यों रखना चाहिए'?

इसके आगे उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से ज्यादा बच्चे पैदा करने और उन्हें सुंदर तमिल नाम देने का आग्रह किया। हालांकि उन्होंने संसद में सीटों की संख्या कम होने के बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहा लेकिन उनका इशारा परिसीमन के बाद की स्थितियों की ओर था। उनसे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आग्रह किया था। हालांकि उनका घोषित सरोकार यह था कि दक्षिण के राज्यों में आबादी बूढ़ी हो रही है और कामकाजी युवाओं की संख्या कम हो रही है। परंतु कहीं न कहीं वे भी इस बात से चिंतित हैं कि अगर आबादी के आधार पर लोकसभा सीटों का परिसीमन हुआ तो दक्षिण के राज्यों की राजनीतिक हैसियत घटेगी।तभी यह बड़ा सवाल है कि लोकसभा सीटों के परिसीमन का आधार क्या होगा? क्या सीधे तौर पर जनसंख्या के हिसाब से सीटों की संख्या में बढ़ोतरी कर दी जाएगी? अगर ऐसा हुआ तो उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों को फायदा होगा और दक्षिण भारत के राज्य घाटे में रहेंगे। तभी चंद्रबाबू नायडू और एमके स्टालिन की चिंता सामाजिक या आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक दिखती है। यह चिंता क्षेत्रीय वर्चस्व और फिर अस्मिता की राजनीति में भी बदल सकती है, जिससे एक बड़ा खतरा पैदा हो सकता है।इसलिए सरकार को परिसीमन के फॉर्मूले के बारे में तर्कसंगत तरीके से विचार करना होगा और उस पर सभी दलों व राज्यों की सहमति अनिवार्य रूप से लेनी होगी। ध्यान रहे लोकसभा सीटों का परिसीमन जम्मू कश्मीर की तरह नहीं होगा, जहां मनमाने तरीके से भौगोलिक सीमाओं का ध्यान रखे बगैर इस तरह से विधानसभा सीटों का सीमांकन हुआ कि जम्मू क्षेत्र में छह सीट बढ़ गई और कश्मीर घाटी में सिर्फ एक सीट बढ़ी।

आजादी के बाद से मोटे तौर पर आबादी के आधार पर ही लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या तय होती रही है। तभी उत्तर प्रदेश में 80 सीटें हैं और तमिलनाडु में 39 हैं। लेकिन आजादी के बाद राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों को अलग अलग तरीके से लागू किया। आर्थिक रूप से विकसित राज्यों ने बेहतर ढंग से जनसंख्या नियंत्रण का किया तो उनके यहां जनसंख्या वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे आ गई। दक्षिण के राज्यों में तो जनसंख्या बढऩे की दर रिप्लसमेंट रेट से भी कम है। रिप्लेसमेंट रेट 2.1 है। इसका मतलब होता है कि अगर दो लोग मिल कर 2.1 बच्चे पैदा करते हैं तो जनसंख्या नहीं बढ़ेगी वह स्थिर हो जाएगी। दक्षिण के राज्यों में जनसंख्या बढऩे की दर 1.6 फीसदी है, जो रिप्लेसमेंट रेट से काफी कम है, जबकि उत्तर के राज्यों खास कर बिहार और उत्तर प्रदेश में वृद्धि दर रिप्लेसमेंट रेट से ज्यादा है।

ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति रही है तभी दक्षिण के राज्यों में आबादी नियंत्रित हो गई और उत्तर भारत के राज्यों में बढ़ती चली गई। हालांकि अब वहां भी रफ्तार धीमी हो रही है लेकिन उन राज्यों की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। अगर इस आधार पर उनकी लोकसभा सीटें बढ़ती हैं तो यह उन राज्यों के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने अपने यहां आबादी का बढऩा रोका। उन्होंने अच्छा काम किया इसके लिए उनको सजा नहीं दी जानी चाहिए।

अगर सरकार पारंपरिक रूप से आबादी को आधार बनाती है और औसतन 20 लाख की आबादी पर एक सीट का फॉर्मूला तय होता है तो दक्षिण के ज्यादातर राज्यों में सीटों में कोई बदलाव नहीं होगा, जबकि उत्तर प्रदेश में सीटों की संख्या 80 से बढ़ कर 120 हो जाएगी। बिहार में 40 से बढ़ कर 70 हो जाएगी। सोचें, इससे इन राज्यों की राजनीतिक हैसियत कितनी बढ़ जाएगी? अगर ऐसा होता है तो ओवरऑल लोकसभा की सीटों में बड़ी बढ़ोतरी करनी होगी। वैसे नए संसद भवन में इसकी तैयारी पहले हो चुकी है। नए संसद भवन में निचले सदन यानी लोकसभा में 880 सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। अगर संख्या इतनी नहीं भी बढ़ाएं तब भी आठ सौ तक संख्या जा सकती है। इस फॉर्मूले से यानी आबादी के अनुपात में सीटों की संख्या बढ़ाने का फैसला होता है तो दक्षिण के सभी राज्यों को मिला कर करीब 20 सीट का फायदा होगा। लेकिन उत्तर और पश्चिम भारत के राज्यों में डेढ़ सौ से ज्यादा सीटें बढ़ जाएंगी।

अगर सरकार लोकसभा सीटों की संख्या नहीं बढ़ाने का फैसला करती है तब परिसीमन में जनसंख्या का पैमाना 30 लाख की आबादी पर एक सीट का रखना होगा। अगर ऐसा किया जाता है तब उत्तर प्रदेश में 80 और बिहार में 42 सीटें होंगी। लेकिन ऐसे में कम से कम आठ राज्य ऐसे होंगे, जहां लोकसभा की एक भी सीट नहीं बनेगी क्योंकि उन राज्यों की आबादी 30 लाख से कम है। अगर किसी भी राज्य में जीरो सीट नहीं रखनी है यानी चाहे जितनी आबादी हो उसे कम से कम एक लोकसभा सीट देनी है तो सबसे छोटे राज्य की आबादी के हिसाब से एक सीट का फॉर्मूला बनाना होगा। ऐसे में ओवरऑल सीटों की संख्या में छह सीटों की बढ़ोतरी होगी यानी कुल सीट संख्या 549 हो जाएगी। लेकिन उत्तर प्रदेश में तब भी 12 सीटें बढ़ जाएंगी। बिहार में भी 10 सीटों का इजाफा होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि में भी ठीक ठाक बढ़ोतरी होगी। इसके बरक्स पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि में सीटों की संख्या घटेगी।

इनमें से कोई भी फॉर्मूला बहुत युक्तिसंगत नहीं लगता है। सीटों की मौजूदा संख्या कायम रखने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि आबादी बहुत बढ़ चुकी है और एक सांसद के लिए इतनी बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करना संभव नहीं है। लेकिन सीटों की संख्या सीधे आबादी के आधार पर बढ़ा देना भी युक्तिसंगत नहीं है। सो, जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र और जीडीपी तीनों के औसत को आधार बनाना चाहिए। यानी किसी राज्य की जनसंख्या बहुत ज्यादा है और उसका कुछ फायदा उसे मिलता है तो किसी और राज्य को उसका भौगोलिक क्षेत्र ज्यादा बड़ा होने का फायदा मिलना चाहिए तो किसी राज्य को जीडीपी में ज्यादा योगदान करने का फायदा मिलना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं हो। किसी भी राज्य की राजनीतिक और विधायी हैसियत अनुपात से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। सभी पार्टियों को साथ लेकर उनकी सहमति से परिसीमन का फॉर्मूला तय करना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद साधने की मंशा न हो।

# आंखों के आगे इतिहास!

**हरिशंकर व्यास**

हां, आंखों देखा इतिहास! ऐतिहासिक मोड़ पर है मौजूदा सिरमौर सभ्यता अमेरिका। वह इस सप्ताह अपने हाथों अपनी सभ्यता का इतिहास बनाएगी। अमेरिकी मतदाता तय करेंगे कि वे अपने सभ्यतागत मूल्यों और सांचे की निरंतरता में कमला हैरिस को जिताते हैं या वैयक्तिक तानाशाही जिद्द वाले डोनाल्ड् ट्रंप को जिताते हैं। डोनाल्ड ट्रंप का अर्थ अमेरिका में विभाजन, संस्थाओं के पतन की गारंटी है। और जब कोई सभ्यता घर में विभाजित होती है तो उसकी ताकत, एकता, बुद्धि सब धरी रह जाती है। दो खेमों में विभाजित देश फिर धर्म, नस्ल, धन और अहंकार की आपसी लड़ाई का अखाड़ा होता है। ज्योंहि ऐसा हुआ त्योंहि सभ्यता को खत्म करने की ताक में बैठी बर्बर नस्ल और धर्म के लिए मौका खुलता है।

आज इस मौके की ताक में चीन है तो पुतिन और इस्लाम भी है। इन तीनों के इरादे आंखों के आगे लाइव उपस्थित हैं। सोचें, जिस अमेरिका ने इस सदी के आरंभ में, 9/11 के बाद आतंकवाद (इस्लाम) के खिलाफ वैश्विक जंग का हुंकारा मारा था, वह भटका हुआ है और उसकी जगह वह इजराइल इस्लाम को ठोक रहा है, जिसके नेता नेतन्याहू बिना इस समझ के क्रूरता दर्शा रहे हैं कि वे बंधकों को छुड़वा रहे हैं, बदला ले रहे हैं, देश को सुरक्षित बना रहे हैं या क्रूसेड है? मेरा मानना है इजराइल का ठोकना इस्लाम को और जिद्दी बनाना है? इसके नतीजे उलटे और उग्र होंगे। उस नाते यहूदियों और ईसाईयों दोनों की नासमझी है जो वे अपने जिद्दी भाई (अब्राहम की संतान, इस्लाम) को अपने मूल धर्म में लौटाने, उनकी घर वापसी की नहीं सोचते, बल्कि ठोक-ठोक कर तीसरे महायुद्ध, सभ्यतागत संघर्ष का पानीपत मैदान बना दे रहे हैं।

इस्लाम की लाइव ठुकाई के फोटो इस्लाम को सुलगाने वाले हैं। निश्चित ही अतीत में इस्लाम की क्रूर तलवार और क्रूसेड़ के दृश्य आज के मुकाबले बेइंतहा खौफनाक थे। मगर पहले और दूसरे महायुद्ध के क्रम में यदि तीसरे महायुद्ध का सिनेरियो बन रहा है तो वह इस कारण पूरी पृथ्वी के लिए घातक होना है क्योंकि अब परमाणु हथियारों के जखीरे की वास्तविकता भी है।इसलिए यहूदी बनाम मुसलमान, ईसाई बनाम इस्लाम, इजराइल बनाम ईरान, अमेरिका बनाम चीन, यूक्रेन बनाम रूस, उत्तर कोरिया बनाम दक्षिण कोरिया आदि की हकीकत का कुल सार आमने सामने की सीधी लड़ाई के पाले बनना है। हर पक्ष की जिद्द खूंखार होती हुई है। एक तरफ अमेरिका, पश्चिमी सभ्यता तथा ईसाई और यहूदी हैं तो दूसरी और चीन है। फिर इस्लाम (जो इजराइल की ठुकाई से चीन-रूस से जुड़ता हुआ है) है। चीनी नेता बोलते नहीं हैं। न राष्ट्रपति माओ, देंग शियाओ पिंग भड़भड़िया नेता थे और न शी जिनफिंग हैं। ये चीनी नेता अतीत के अपने गौरव हान सभ्यता की वैश्विक पताका में चीन की श्रीवृद्धि के राष्ट्रवादी हैं। इनके लिए याकि मौजूदा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की ठोस पूंजी (रूसियों की तरह) क्रूर, कठोर, परिश्रमी चाइनीज जनता है। जिसका कभी भी लोकतंत्र, मानवीय मूल्यों, स्वतंत्रता से सरोकार नहीं रहा है। तभी माओ की क्रांति हो या देंग और शी जिनफिंग के वैश्विक कारखाने, अमीरतम बनने का मिशन, सभी में नेतृत्व, पार्टी और जनता ने एकनिष्ठता से काम किया है। उसके लिए असुरी महाशक्ति बनना मुश्किल नहीं था।

इसका लक्ष्य अब अमेरिका व पश्चिम सभ्यता की जगह अपने झंडे, अपनी व्यवस्थाओं में दुनिया को चलाना है। राष्ट्रपति शी जिनफिंग और उनके रणनीतिकारों ने चुपचाप बिसात बिछा दी है। चीन का लक्ष्य अमेरिका की जगह लेना है। एशिया का अधिपति होना है। चीन के लिए भारत, जापान, दक्षिण एशिया, ताइवान, आसियान देशों का जीरो अर्थ है। इसलिए क्योंकि ज्योंहि अमेरिका का पतन हुआ, दुनिया की उसकी चौधराहट छूटी या उसने छोड़ी तो पलक झपकते ये तमाम छोड़े बड़े देश चीन की कॉलोनी होंगे। यों भी दक्षिण या तीसरी दुनिया के ये देश आर्थिक तौर पर चीन से बंधे, उस पर आश्रित हैं। उधर परोक्ष तौर पर चीन ने रूस या पाकिस्तान के मार्फत मध्य एशिया के सभी इस्लामी देशों के अलावा अफगानिस्तान के तालिबान, ईरान और उन सब मुस्लिम देशों का विश्वास जीत लिया है जो इजराइल के हाथों घायल हैं।अपनी इस ग्रैंड योजना, वैश्विक बिसात में चीन किस शातिरता से फैसले करते हुए है इसका प्रमाण ब्रिक्स की हालिया शिखर बैठक थी। राष्ट्रपति शी जिनफिंग और पुतिन ने बैठक में तुर्की के उन राष्ट्रपति एर्दोआन को बुलाया जो उइगर मुसलमानों के उत्पीडऩ के हवाले चीन के खिलाफ बोलते थे। एर्दोआन को शी और पुतिन ने पटा लिया है। वे इनसे वैसे ही संतुष्ट हैं, जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में यह हल्ला बनवाते हुए हैं कि कितनी बड़ी कूटनीतिक जीत हुई जो चीन ने लद्दाख में अपनी सेना पीछे की। भारत भी चीन के साथ बहुपक्षीय विश्व बनाने की और बढ़ता हुआ है। अर्थात भारत और चीन भाई भाई तथा अमेरिका, पश्चिमी सभ्यता की दादागिरी के खिलाफ विश्व राजनीति में हिंदू राष्ट्र की भी एक अलग स्वतंत्र ढपली व विश्व व्यवस्था। और हम दक्षिण ब्लॉक, गुटनिरपेक्ष जमाने के देशों और परंपरागत मित्र रूस तथा चीन के हमराही हैं!बहरहाल, लाइव इतिहास फिलहाल अमेरिका बनाम चीन तथा यहूदी बनाम इस्लाम की जोर आजमाइश व परिवर्तनों का है। इसका एक अनहोना फोटो चीन और रूस द्वारा ठेठ यूरोप की सीमा पर बर्बर उत्तर कोरियाई सैनिकों को पहुंचा देना है। कल्पना करें डोनाल्ड ट्रंप जीते और उन्होंने यूक्रेन की मदद रोक कर रूस से समझौते का दबाव बनाया तो पुतिन के हौसले कितने बुलंद होंगे? रूसी-उत्तरी कोरियाई सेना के तब जश्न के फोटो यूरोपीय संघ पर कैसा प्रभाव बनाएंगे? ईरान के हौसले बुलंद होंगे या कम होंगे? हालांकि डोनाल्ड ट्रंप को ईरान विरोधी तथा नेतन्याहू परस्त माना जाता है लेकिन व्यक्तिवादी नेता ने यदि खुमैनी के घर जा कर पकौड़े खाने तथा अपने को अमनपरस्त बनाने की ठानी तो उसके गिरगिटी व्यवहार में रंग तो बदलते ही रहेंगे।असल बात डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से विभाजित अमेरिका, विभाजित पश्चिमी बिरादरी की है। इसके सिनेरियो में चीन के लिए स्वर्णिम मौका बनेगा। वह अमेरिका को रिप्लेस कर अपने को नई विश्व व्यवस्था, नई मौद्रिक वित्तीय व्यवस्था का संचालक बनने की और बढ़ेगा। पृथ्वी की धुरी होने के हान सभ्यता के इलहाम को वास्तविकता के पंख लगेंगे। आर्थिक-सैनिक-राजनीतिक ताकत में सिरमौर होने का मौका खुलेगा।सो, आंखों के आगे तीसरे महायुद्ध व सभ्यताओं के संघर्ष की अग्रिम झांकी है वही पृथ्वी के इतिहास का मोड़ भी है।

## बजरंगी बली बने ऋ षभ शेट्टी, कलियुग में पूरी होगी त्रेतायुग की प्रतिज्ञा, सामने आई जय हनुमान की पहली झलक

इस साल की शुरुआत में प्रशांत वर्मा ने दर्शकों फिल्म हनुमान का तोहफा दिया। तेजा सज्जा अहम भूमिका में नजर आए। फिल्म के रिलीज के दौरान ही उन्होंने सीक्वल का एलान भी कर दिया। इस फिल्म का सीक्वल जय हनुमान के नाम से आ रहा है।



मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक फैंस के साथ साझा की गई है। इसी के साथ यह भी खुलासा हो गया है कि मुख्य किरदार कौन निभाने जा रहा है।मैत्री मूवीज मेकर्स के इंस्टाग्राम हैंडल से जय हनुमान का फर्स्ट पोस्टर साझा किया गया है। इसी के साथ यह भी पता चल गया है कि मुख्य रोल कोई और नहीं, बल्कि कांतारा फेम ऋषभ शेट्टी अदा करते दिखेंगे। पोस्टर में वे बजरंगबली के रूप में नजर आ रहे हैं, जिनके हाथ में भगवान श्रीराम की प्रतिमा है।मेकर्स ने पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन लिखा है, त्रेतायुग की प्रतिज्ञा, जो कलयुग में अवश्य पूरी होगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता ऋषभ शेट्टी और निर्देशक प्रशांत वर्मा भक्ति और साहस की पौराणिक कहानी परदे पर लेकर आ रहे हैं।फिल्म हनुमान में मुख्य भूमिका तेजा सज्जा ने अदा की थी। सीक्वल में वे मुख्य रोल अदा नहीं करेंगे, इसे लेकर स्थिति पहले ही साफ हो गई चुकी। ऐसे में दर्शक यह जानने के लिए बेताब थे कि सीक्वल में अहम किरदार में कौन नजर आएगा? इसका खुलासा अब हो चुका है। सीक्वल में ऋषभ शेट्टी की एंट्री पर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। ऋषभ के फैंस काफी उत्साहित हैं।

## हॉकी इंडिया लीग की वेबसाइट लॉन्च और लीग शेड्यूल का खुलासा

नई दिल्ली , हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के 2024-2025 संस्करण के लिए एक समर्पित लीग वेबसाइट लॉन्च की गई और बहुप्रतीक्षित सीजऩ के शेड्यूल की घोषणा की गई। 28 दिसंबर को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में दिल्ली एसजी पाइपर्स और गोनासिका के बीच रोमांचक मैच के साथ शुरू होने वाला एचआईएल का नया संस्करण एक्शन से भरपूर वापसी का वादा करता है। एचआईएल की नई लॉन्च की गई वेबसाइट -हॉकीइंडियालीगडॉटकॉम- दुनिया भर के प्रशंसकों को लीग की ताज़ा ख़बरों, मैचों के शेड्यूल, पूरी टीम की सूची और एक्सक्लूसिव वीडियो कंटेंट तक आसान पहुंच प्रदान करती है। एक आकर्षक और इमर्सिव अनुभव देने के लिए डिज़ाइन की गई यह वेबसाइट एचआईएल से जुड़ी सभी चीज़ों के लिए अंतिम स्रोत होगी, जो प्रशंसकों, खिलाडिय़ों और हॉकी के दीवानों को पहले से कहीं ज़्यादा खेल के करीब रखेगी।

## ऐतिहासिक सफलता के पीछे न्यूजीलैंड की अनुकूलन क्षमता : एजाज पटेल

मुंबई ,न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से ऐतिहासिक रूप से हराया, जिसमें टीम ने विभिन्न प्रकार की चुनौतियों पर विजय प्राप्त की। उनमें से सबसे बड़ी बाधा पिचों की प्रकृति थी, जिसमें बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में टीमों के लिए अलग-अलग परिस्थितियां थीं। पहले टेस्ट के लिए पिच में मौसम की बड़ी भूमिका थी और न्यूजीलैंड ने पहली पारी में भारत को हराने के लिए तेज़ गति के अनुकूल परिस्थितियों का भरपूर लाभ उठाया, जिसने अनिवार्य रूप से खेल को अपने पक्ष में कर लिया। पुणे का विकेट, हालांकि स्पिन के लिए सहायक था, धीमा था और धीमे गेंदबाजों को इसे फिर से समायोजित करने की आवश्यकता थी। फिर से, मेहमान टीम ने परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझा और मिशेल सेंटनर की अगुआई में उनके स्पिनरों ने भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड की पहली सीरीज जीत की नींव रखी। फिर मुंबई आया और इस बार एजाज पटेल ने परिचित परिस्थितियों में गेंदबाजी की, क्योंकि उन्होंने न्यूजीलैंड को ऋषभ पंत की चुनौती से पार पाने में मदद की और भारत में वाइटवॉश (न्यूनतम 3 टेस्ट) हासिल करने वाली पहली टीम बन गई।जूम कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हुए, एजाज ने न्यूजीलैंड के सामने आने वाली विभिन्न परिस्थितियों और चुनौती का सामना करने के लिए उनकी तैयारियों पर प्रकाश डाला। तीन अलग-अलग सतहें और तीन अलग-अलग मैच रहे हैं, और मुझे लगता है कि हम अच्छी तरह से जानते हैं कि एशिया जाने की चुनौतियों में से एक यह है कि परिस्थितियां हर समय बदलती रहती हैं और आपको अनुकूल होना पड़ता है और मैच के भीतर भी परिस्थितियां बहुत तेज़ी से बदलती हैं। मेरा मतलब है कि इस मुंबई टेस्ट में भी मैं गेंदबाजी कर रहा था...मुझे लगता है कि पहली पारी में और मुझे लगा कि मैं वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूँ, लेकिन विकेट वास्तव में टर्न नहीं कर रहा था और फिर मैं लंच के बाद वापस आया और अचानक सब कुछ होने लगा।

## अनुष्का सेन ने समझाया फैशन का मतलब है अभिव्यक्ति

अभिनेत्री अनुष्का सेन के लिए फैशन के मायने स्?टाइलिश कपड़ों से कहीं बढक़र है। उनके हिसाब से यह खुद को व्?यक्?त करने का तरीका है।

नव्या नंदा के एंटरप्रेनारी और अबू संदीप के गुलाबो द्वारा आयोजित फैशन शो में अनुष्का ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। उन्?होंने अपने लुक को फ्री-फ्लोइंग बोहेमियन श्रग से पूरा किया। अनुष्का ने कहा, मैं एंटरप्रेनारी बाय नव्या नंदा और गुलाबो बाय अबू संदीप शोकेस के लिए पहली बार रैंप पर चलने को लेकर उत्साहित थी और इनकी आभारी भी हूं। मेरे लिए फैशन कपड़ों से इतर है। यह अपने आप को व्?यक्?त करने का अच्?छा तरीका है यानि ये बताने का कि हम कौन हैं।

अभिनेत्री ने कहा कि वह सही अवसर और पल का इंतजार कर रही थीं।

उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम एक सपने के सच होने जैसा था, खासकर इसलिए क्योंकि यह महिला उद्यमियों की मदद करने के लिए था। इसका एक और कारण भी था और वो था अबू जानी संदीप खोसला के लिए वॉक करना, जो मेरे पसंदीदा डिजाइनर्स हैं। अनुष्का ने अमिताभ बच्चन की पोती नव्या के साथ अपनी मुलाकात को एक शानदार अनुभव बताया। मैंने पूरे दिल से उस पल को अपनाया और उस अद्भुत अवसर के लिए मैं आभारी हूं। नव्या से मिलना मेरे लिए एक शानदार अवसर था। इस महीने की शुरुआत में अनुष्का ने सोशल मीडिया पर दुर्गा पूजा से एक शानदार फोटो शेयर की थी। वह साड़ी और बड़े झुमके में बहुत खूबसूरत लग रही थीं।

उन्होंने साड़ी में अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसका शीर्षक था, दुर्गा पूजा 2024। अनुष्का सेन एक भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री हैं, जिन्हें बाल कलाकार के तौर पर काफी लोकप्रियता मिली। उन्हें हाल ही में दक्षिण कोरियाई पर्यटन के लिए आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उन्होंने 2009 में भारतीय टेलीविजन पर यहाँ मैं घर घर खेली शो से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने देवों के देव... महादेव में बाल पार्वती की भूमिका निभाई थी। 2012 में, उन्होंने टीवी शो बालवीर में मेहर के अपने किरदार से लोगों का दिल जीत लिया था।

## भूल भुलैया 3 पहले दिन ही हुई खूब मालामाल, बॉक्स ऑफिस पर बम्पर शुरुआत

इस साल कई शानदार हॉरर-कॉमिडी फिल्मों की लिस्ट में अब एक और फिल्म शामिल हो गई है। साल के आखिर महीनों में दिवाली पर रिलीज हुई भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत की है। मुंज्या और स्त्री 2 जैसी फिल्मों के बाद अब तीसरी फिल्म भूल भुलैया 3 भी सिनेमाघरों में काफी धमाल मचाने जा रही है। इस फ्रैंचाइजी की दोनों फिल्मों को लोगों ने खूब पसंद किया है। पहली भूल भुलैया में मंजुलिका का किरदार निभा चुकीं विद्या बालन दूसरी सीरीज में नजर नहीं आई थीं। अब वह इस तीसरी फिल्म में एक बार फिर से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। कहा जा रहा है कि मंजुलिका ही इस फिल्म की जान हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने शानदार एडवांस बुकिंग की। दिवाली के दिन फाइनली जब फिल्म रिलीज हुई तो इसने करीब-करीब 35.50 करोड़ रुपये की धमाकेदार कमाई कर डाली है।

## भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से आशय पत्र भेजा!

नई दिल्ली ,भारत को खेल महाशक्ति बनाने के दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 1 अक्टूबर को भावी मेजबान आयोग, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को औपचारिक रूप से आशय पत्र भेजा है, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की गई है। सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा, भारत में 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है।



सूत्र ने कहा, यह महत्वपूर्ण अवसर देश भर में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए पर्याप्त लाभ ला सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई अवसरों पर 2036 ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी में भारत की रुचि व्यक्त की है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर पेरिस ओलंपिक के खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे 2036 में होने वाले इस भव्य आयोजन की तैयारियों के लिए अपने सुझाव देने को कहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

## सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड विकास समिति के सचिव विपुल कुमार उनियाल ने जौनपुर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की है।

इस संबंध में उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। बताया कि जौनपुर क्षेत्र में पिछले दो माह से नियमित सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं की गई है। जिस कारण चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नालियां गदंगी से पटी पड़ी हैं। ऐसे में आमजन को संक्रामक बीमारियों का खतरा सता रहा है। कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए क्षेत्र में नियममित सफाई कर्मी की तैनाती की जानी चाहिए।

## आंतकवादियों पर करें सख्त कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि इन आतंकियों का मकसद केवल राज्य में अशांति फैलाना है। इस संबध में परिषद ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर में आतंकी लगातार हमला कर रहे हैं। कभी वे भीड़ भरे बाजार में हमला कर रहे हैं, तो कभी सुरक्षा बलों को निशाना बना रहे हैं। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री से आतंकियों पर सर्जिकल स्ट्राइक करने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद अध्यक्ष जीके बड़थ्वाल, बलवान सिंह, सीपी डोबरियाल, संजय असवाल शामिल रहे।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में आयु सीमा बढ़ाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में उम्र बढ़ाने और पीसीएस मुख्य परीक्षा का माध्यम बदलने की मांग की है। मंगलवार को यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में उम्र बढ़ाने का आश्वासन डीजीपी अभिनव कुमार पूर्व में दे चुके हैं, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। इस कारण प्रदेश के युवा असमंजस की स्थिति में हैं। वहीं उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने भी पीसीएस मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम केवल अंग्रेजी भाषा में दिया है। प्रदेश के हिंदी भाषी राज्य होने के कारण यह प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय है। आयोग से पीसीएस मुख्य परीक्षा की तिथि में परिवर्तन की मांग भी की है।

## मेंढक दौड़ में आरवी, कुर्सी दौड़ में यश्विनी ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल श्रीनगर की मंगलवार को शुरू हुई वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दमखम दिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दान सिंह बिष्ट ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कर सभी छात्र-छात्राओं को खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की। सात दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन प्राइमरी वर्ग में कक्षा दो की मेंढक दौड में बालिका वर्ग में आरवी, निशा खां और दिव्यांशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीन कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में यश्विनी प्रथम, सृष्टि द्वितीय व आयशा तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में सारांश प्रथम, ऋषभ द्वितीय एवं आयुष तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी की थ्री लैग रेस में बालिका वर्ग में सिमरन व सुहानी प्रथम, यश्विनी व मानसी द्वितीय जावेरिया व श्रेय तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग मे अंकुश एवं प्रियांशु चौहान प्रथम, कार्तिक व अक्षत द्वितीय एवं सार्थक पंत व अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांच की कोन विद बैलेंस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में मनिच्छा प्रथम, आरवी द्वितीय व इशान्या तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में आर्यन पंवार प्रथम, पवन कैंतुरा द्वितीय व अनुराग रावत तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर कमल प्रकाश नौटियाल, देवेंद्र कुमार भट्ट, मिनाक्षी भंडारी, प्रीति नौटियाल, दीग्पाल सिंह चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## 13 नवंबर को लगेगा स्पर्श जागरूकता एवं आउटरीच अभियान शिविर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, लैंसडौन कर्नल ओमप्रकाश फरस्वाण (अ.प्रा.) ने बताया कि आगामी 13 नवम्बर को कार्यालय वेतन लेखा (अन्य रैंक) गढ़वाल राइफल लैंसडौन द्वारा गढ़वाल रेजीमेन्ट सेन्टर के परेड ग्राउंड में रक्षा पेंशनरों को स्पर्श पेंशन पोर्टल एवं जीवन प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु ''स्पर्श जागरूकता एवं आउटरीच अभियान'' शिविर का आयोजन किया जायेगा। कर्नल ओमप्रकाश फरस्वाण (अ.प्रा.) ने रक्षा पेंशनर से अनुरोध करते हुए कहा कि रक्षा पेंशनर शिविर में अपने मूल दस्तावेजों सहित प्रतिभाग कर वेतन लेखा कार्यालय (अन्य रैंक) गढ़वाल राइफल लैंसडौन से स्पर्श पेंशन पोर्टल एवं जीवन प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर, पेंशन भुगतान सम्बन्धी फीडबैक/शिकायतों को प्रस्तुत कर सकते हैं। रक्षा पेंशनर अपना एवं पत्नी का आधार कार्ड, पैन, कार्ड मोबाईल नंबर, ई-मेल आई डी जो पेंशन खाते से लिंक हो, के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

# हादसे के बाद जागी यातायात पुलिस, वाहन चालक कर गए चालाकी



सिद्धबली के समीप वाहन तलाशी अभियान चलाती पुलिस

### ओवर लोड़िग के खिलाफ यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** अल्मोड़ा के मरचूला बस हादसे के बाद कोटद्वार यातायात पुलिस की भी नींद खुल गई है। मंगलवार को टीम ने कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग में पहुंचकर ओवरलोड वाहनों को पकड़ना शुरू किया।

लेकिन, वाहन चालक पुलिस के अभियान को ठेंगा दिखाते हुए नजर आए। अभियान स्थल से पूर्व ही इशारों-इशारों में मैक्स वाहन चालक एक-दूसरे को सचेत करते हुए नजर आए। इस दौरान कई यात्री सिद्धबली के समीप पैदल चलते हुए भी नजर आए। पर्वतीय क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना यातायात पुलिस की जिम्मेदारी है। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने व ओवर लोडिंग रोकने के लिए कोटद्वार में यातायात पुलिस का गठन किया गया। बकायदा टीम को इंटरसेप्टर वाहन भी दिया गया है। जिसमें वाहनों की रफ्तार जांच सहित अन्य कई आधुनिक उपकरण लगे हुए हैं। लेकिन, यातायात पुलिस अपना इंटरसेप्टर वाहन अधिकांश समय बाजार में ही धुमाती रहती है। ऐसे में सोमवार को मारचूला के समीप बस दुर्घटना हुई तो मंगलवार से यातायात पुलिस ने भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचकर ओवर लोडिंग के खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दिया। सोमवार सुबह से ही यातायात पुलिस की टीम तिलबाढांग पुलिस चौकी के समीप खड़ी रही। शुरूआत में तो पुलिस ने कुछ ओवरलोड मैक्स वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। लेकिन, फिर मैक्स चालकों का इशारे का सूचना तंत्र शुरू हो गया। पहाड़ चढ़ने वाले वाहनों ने पहाड़ से ओवरलोड वाहनों को सचेत कर दिया। इसके बाद मैक्स चालकों ने सिद्धबली के समीप मोड पर ही सवारी उतारी और आगे बढ़ गए। वहीं, पैदल आने वाली सवारियों के इंतजार में मैक्स वाहन चालक सिद्धबली पार्क से आगे मोड पर खड़े नजर आए। ऐसे में सवाल यातायात पुलिस के ऊपर खड़े किए जाएं या फिर चंद पैसों के लिए सवारियों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले मैक्स वाहन चालकों पर। वहीं, कुछ लोगों का यह भी कहना था कि पुलिस को अपना अभियान कोटद्वार दुगड्डा के मध्य पांचवे मिल के समीप चलाना चाहिए। जिससे मैक्स वाहन चालक सवारियों को पैदल नहीं भेज सकते।

# पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े विद्यार्थी



राइंकॉ बल्ली में आयोजित प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करती ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : न्याय पंचायत उत्तिर्छा में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान लंबी कूद बालिका वर्ग में अंकिता व बालक वर्ग में आशीष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान शिक्षकों व अतिथियों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यालयों को शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हर संभव मदद देने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान लंबी कूद बालिका वर्ग में अंकिता, अदिति व आकृति और बालक वर्ग में आशीष रावत, संजय सिंह व साहिल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक बालिका वर्ग में अदिति, मानसी व साक्षी और बालक वर्ग में राहुल सिंह, अक्षित नेगी व संजय सिंह नेगी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, ऊंची कूद बालक वर्ग में तनुज सिंह प्रथम, अभिनव रावत द्वितीय व आयुष तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल, पीटीए संरक्षक जगदीश प्रसाद बेबनी, शुभा देवी, वीरेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।



# कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।

## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 4273/18ए0सी0 दिनांकः- 04/11/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 19/11/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 11/11/2024 से 18/11/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 19/11/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा के अन्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों का भूमि प्रतिकर प्रस्ताव गठन करने का कार्य।<br>1- पौड़ी गढ़वाल में देवलखाल से लंगूरीबैण्ड मोटर मार्ग एवं सेतु निर्माण<br>2- जनपद पौड़ी गढ़वाल में डाडामण्डी जमेली मोटर मार्ग से ग्राम सैंज, सिंरई, जौली मोटर मार्ग का निर्माण कार्य।<br>3- जनपद पौड़ी गढ़वाल में चाक्यू-डोबर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य।<br>4- जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में डाडामण्डी-मदनपुर मोटर मार्ग का सनेयाखाल तक विस्तार।<br>5- राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत राजबाट से रिंगवाड़गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण।<br>6- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत गोला मल्ला से मंज्याड़ी होते हुए खोड़ियाल गांव तक सम्पर्क मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>7- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत डाडामण्डी-द्वारीखाल मोटर मार्ग पर चमोला बैण्ड से जोली मल्ली तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>8- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री अमर सिंह भण्डारी के पैतृक गांव सौड़ हेतु मोटर मार्ग का निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>9- मसोगी-कूतणी-अमाल्डू मोटर मार्ग<br>10- माण्डलू ग्वील मोटर मार्ग। | 17,100.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा के अन्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों का भूमि प्रतिकर प्रस्ताव गठन करने का कार्य।<br>1- जनपद पौड़ी गढ़वाल में यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत गरूड़चट्टी-काण्डी रोड़ से वासवा, खेड़ा-गुजराड़ी, तौलसारी मोटर मार्ग का निर्माण।<br>2- जनपद पौड़ी गढ़वाल में यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत शीला-यमकेश्वर मोटर मार्ग का निर्माण।<br>3- मा0 मुख्यमंत्री जी की घो0सं0-459/2015 के अन्तर्गत भृगुखाल से निसणी तक मोटर मार्ग का निर्माण।<br>4- मा0 मुख्यमंत्री जी की घो0सं0-455/2015 के अन्तर्गत च्युयानी-गुमालगांव-बुधोली तक मोटर मार्ग का निर्माण।<br>5- मा0 मुख्यमंत्री जी की घो0सं0-458/2015 के अन्तर्गत खेड़ा से दुबड़ा तक मोटर मार्ग का निर्माण।<br>6- सैंज सम्पर्क मार्ग<br>7- रिखेड़ा सम्पर्क मार्ग।<br>8- ठांगर-गाजसेरा मोटर मार्ग। | 9,300.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 3 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा के अन्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों का भूमि प्रतिकर प्रस्ताव गठन करने का कार्य।<br>1- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के विकासखण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत उपगांव कालीलांगों-चिलाउ मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>2- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के विकासखण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत रौन्देड़ी-सकन्याड़ी मार्ग में ग्राम उपगांव से सौंपखाल तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम चरण)।<br>3- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के विकासखण्ड रिखणीखाल के अन्तर्गत रथुवाढ़ाब-झर्त-दियोड़ मोटर मार्ग से धामधार मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य (प्रथम चरण)।<br>4- बिलकोट बैण्ड से मेहली गांव।<br>5- बसेड़ी मोटर मार्ग।<br>6- बूंगा-मुण्डियाना-धौलीयाणा मोटर मार्ग। | 7,500.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 4 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा के अन्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों का भूमि प्रतिकर प्रस्ताव गठन करने का कार्य।<br>1- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत लोषण से जीली-उच्चकोट-बुगलैना-बादकोट(डांडा) देवीखाल तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>2- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत टांगों सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>3- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत ग्राम बागी बड़ी से राजस्व ग्राम भवांसी के तैल चौक होते हुए पामाढो तक मोटर निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>4- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत देवीखाल-बुगलेना-जीली मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>5- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत डाडामण्डी-जमेली मोटर मार्ग से ग्राम मलेथा हेतु मोटर मार्ग का निर्माण कार्य(प्रथम चरण)<br>6- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत देवलखाल-लंगूरीबैण्ड मोटर मार्ग के कि0मी0 4 ग्राम सभा भैड़गांव तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य(प्रथम चरण) | 7,200.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 5 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा के अन्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों का भूमि प्रतिकर प्रस्ताव गठन करने का कार्य।<br>1- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड दुगड्डा बल्ली-मथाणा मोटर मार्ग से प्राथमिक विद्यालय चौण्डली तक नव निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>2- राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत चरेख-धरगांव मोटर मार्ग का पुनः निर्माण कार्य(प्रथम चरण)।<br>3- नालीखाल-पोखारी सिमलना मोटर मार्ग<br>4- मंज्याड़ी लद्दोखी कफल्ड़ी पाली मोटर मार्ग<br>5- हनुमन्ती उफ्रेंखाल काण्डाखाल मोटर मार्ग का विस्तारीकरण।<br>6- हनुमंती-उफ्रेंखाल मोटर मार्ग से गुडखिला तक सम्पर्क मार्ग।<br>7- बल्ली-मथाणा सिमलना मोटर मार्ग। | 12,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 6 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा के अन्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों का भूमि प्रतिकर प्रस्ताव गठन करने का कार्य।<br>1- सिमलखेत सम्पर्क मार्ग।<br>2- नीलकण्ठ बाईपास मोटर मार्ग।<br>3- बैरागढ़ सम्पर्क मार्ग।<br>4- मोहनचट्टी से कुमार्था मोटर मार्ग।<br>5- शीला-काण्डई मोटर मार्ग। | 12,300.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 7 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा के अन्तर्गत विभिन्न मोटर मार्गों का भूमि प्रतिकर प्रस्ताव गठन करने का कार्य।<br>1- नौगांव-चोपडा-सुनारगांव-ठठोलगांव मोटर मार्ग।<br>2- काण्डी-शीला मोटर मार्ग।<br>3- मांगथा-बूंगा मोटर मार्ग।<br>4- मांगथा-बूंगा मोटर मार्ग का विस्तार।<br>5- देवराणा-ढूंडा मोटर मार्ग।<br>6- दुबडा से तोलसारी-गुजराडी मोटर मार्ग।<br>7- खेडा से दुबडा मोटर मार्ग।<br>8- जोलधार से सार लिंक मोटर मार्ग।<br>9- बनचूरी-देवीडांडा-ढुंगा-विथ्याणी मोटर मार्ग। | 15,300.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 20/11/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
दुगड्डा (गढ़वाल)

## एक नजर

### पैराफिट या क्रैश बैरियर होते तो शायद न होता हादसा: आर्य

देहरादून। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि रामनगर के मर्चुला में हुए भीषण बस हादसे में 36 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई। यह हादसा केवल एक त्रासदी नहीं है, बल्कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि सड़क किनारे पैराफिट या क्रैश बैरियर होते तो शायद ये हादसा नहीं होता। मीडिया को जारी बयान में आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में कभी आपदा तो कभी सड़क हादसे यहां के लोगों की नियति बन चुकी है। हर बार आपदा और हादसे के बाद सरकार कहती है, इसकी जांच होगी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाही होगी, लेकिन एक हफ्ते बाद ही सब ठंडा पड़ जाता है। आर्य ने कहा कि ओवरलोड दुर्घटना का कारण हो सकता है, जिसके जिम्मेदार ड्राइवर– कडंक्टर से लेकर आरटीओ, एआरटीओ होंगे, लेकिन सड़कें और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के बुरे हालातो का उत्तरदायी कौन है? बदहाल सड़क जिसे सुधारने का जिम्मा लोक निर्माण विभाग का होता है, लेकिन सरकार के दावों के विपरीत सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हैं।

उन्होंने कहा कि जिस जगह बस खाई में गिरी, अगर वहां पैराफिट या क्रैश बैरियर होता तो ऐसी त्रासदी से बच पाने की उम्मीद की जा सकती थी। आर्य ने कहा कि क्या मर्चुला बस दुर्घटना की जिम्मेदारी सिर्फ इन्ही दो अधिकारियों की ही है, जिन्हें सस्पेंड किया गया। पहाड़ की सड़कों की जर्जर स्थिति और उसके कारण हो रही दुर्घटनाओं की जिम्मेदार स्पष्ट रूप से राज्य सरकार है। आर्य ने कहा कि पहाड़ी इलाकों में सड़कों के किनारे जरूरी सुरक्षा घेरे को मजबूत और दुरुस्त रखने को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने सरकार से मांग की कि तय समय में सड़क दुर्घटना के समस्त पहलुओं की विस्तृत जांच एवं दुर्घटना के लिए उत्तरदाई लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

### श्री श्याम सुंदर मंदिर से निकली प्रभात फेरी

देहरादून। श्री श्याम सुन्दर मन्दिर पटेल नगर से कार्तिक मास की प्रभात फेरी का शुभारम्भ मंगलवार सुबह पांच बजे अशोक सचदेवा एवं उषा सचदेवा ने परिवार सहित धर्म ध्वज की पूजा अर्चना कर किया ' भजन गायक तेजेन्द्र हरजाई, प्रेम भाटिया, भूपेन्द्र चड्ढा, गोविन्द मोहन, चंद्र मोहन आनंद, सुरेंद्र वागला, पिंकी अग्रवाल, गीतू बत्रा, मिनी जायसवाल ने कोई पिछले जन्म के अच्छे कर्म मुझे सतगुरु तेरा प्यार मिला। ओम नमो शिवाय बोलो, हमको भव से पर कर दो राधा रानी, सुबह सुबह लो शिव का नाम शिव आयेंगे तेरे काम, आदि मधुर सुनाकर भाव विभोर कर दिया ' प्रभात मन्दिर की परिक्रमा करते हुए पूर्वी पटेल नगर, राम लीला मैदान, सहारनपुर रोड, शिव कालोनी, गुरु रोड होते हुए मंदिर में संपन्न हुई।

# संगठन के माध्यम से समाज सेवा करते है कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अधिकारी अनिल गोयल ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को एकजुट होकर समाज सेवा करने का मंत्र दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का होना चाहिए। कहा कि संगठन बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव करता है। कार्यकर्त्ताओं पर कोई भी पदाधिकारी जबरन नहीं थोपा जाता।

कोटद्वार पहुंचे चुनाव अधिकारी अनिल गोयल व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए


कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते चुनाव अधिकारी अनिल गोयल व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत

अनिल गोयल ने कहा कि कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों के संघर्ष से ही भारतीय जनता पार्टी देश का सबसे बड़ा संगठन है। कहा कि संगठन पदाधिकारियों का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से करता है। बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव होता है, किसी पदाधिकारी को थोपा नहीं जाता है। आज साधारण सदस्यों से लेकर सक्रिय सदस्य बनाने का कार्य चल रहा है। हम उत्तराखंड में अपने निर्धारित लक्ष्य से ऊपर निकल चुके है। इस मौके पर सदस्यता अभियान के सह संयोजक मोहन सिंह नेगी, सह चुनाव अधिकारी विजय लखेड़ा, सुनीता कोटनाला, मोहन सिंह, किरण नेगी, शांतनु रावत, पंकज भाटिया, गोविंद सिंह बिष्ट, शशि कुमार ध्यानी, हरि सिंह पुंडीर, विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्थापना दिवस से संबन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रम निरस्त

### 8 नवंबर को चलेगा सफाई अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** अल्मोड़ा जिले में सोमवार को हुई बस दुर्घटना के शोक में राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया।बैठक में सड़क हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त कर मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई और सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरी सरकार शोकग्रस्त परिवारों के साथ खड़ी है। अस्पतालों में भर्ती घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि इस हृदयविदारक दुर्घटना के शोक में राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के स्थान पर 8 नवम्बर को प्रदेश में सेवा दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश भर में सफाई अभियान चलाया जाएगा और नारी निकेतन, वृद्धाश्रमों, महिला आश्रमों में फल वितरण आदि सेवा कार्य आयोजित होंगे। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव गृह शैलेश बगौली और अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान उपस्थित थे।

### क्यों नहीं बने क्रैश बैरियर, होगी जांच

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना ग्रस्त मार्ग पौड़ी–रामनगर पर क्रैश बैरियर नहीं बनाए जाने पर गंभीर रुख अपनाया है। लोक निर्माण विभाग को क्रैश बैरियर निर्माण के लिए विगत दो वर्ष में साढ़े सात करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से पूछा है कि धनराशि दिए जाने बावजूद क्रैश बैरियर क्यों नहीं बनाए गए। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर जांच के निर्देश दिए हैं।

### बसों की पर्याप्त व्यवस्था करें

मुख्यमंत्री ने रोडवेज अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी मार्गो पर रोडवेज बसों की उपलब्धता हो। त्योहार के समय में अतिरिक्त बसें संचालित की जाएं। यदि बसें पर्याप्त नहीं हैं तो नई बसें खरीदने की व्यवस्था की जाए। ध्यान रखा जाए कि आम लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

# 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो 12 से 15 दिसम्बर को उत्तराखण्ड में होगी आयोजित

देहरादून। राज्य में 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो के आयोजन की पुख्ता व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आज आयुष, पर्यटन, लोक निर्माण, संस्कृति, परिवहन, उच्च शिक्षा व चिकित्सा शिक्षा विभाग को तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए।

वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के उत्तराखण्ड राज्य में आयोजन को ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम अवसर बताते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए किए कि इस दौरान राज्य की आयुर्वेद क्षेत्र में उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के दौरान सभी आयुष हितधारकों, आयुर्वेदिक शैक्षणिक संस्थाओं, उद्यमों व राज्य एवं केन्द्रीय स्तर के संगठनों, औषधीय पौध क्षेत्र, आयुष हेल्थ केयर से जुड़े लोगो व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभी तक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 4501 डेलिगेट्स उत्तर-ाखण्ड के देहरादून में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। डेलिगेट्स हेतु रजिस्ट्रेशन 15 नवम्बर तक खुले हुए हैं।

मुख्य मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारी देहरादून को वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर नोडल अधिकारियों को जल्द नामित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उक्त सम्मेलन में देश और विश्वभर से प्रतिभाग करने वाले अतिथियों हेतु सभी व्यवस्थाओं के पुख्ता प्रबन्धन करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग को आयोजन स्थल एवं अन्य सम्बन्धित मार्गो की सुव्यवस्था एवं आवश्यक मरम्मत हेतु निर्देश दिए गए हैं। सीएस ने संस्कृति विभाग को वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन हेतु निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग को अतिथियों के आवागमन हेतु विशेष बसों की व्यवस्था एवं ट्रैफिक के प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तराखण्ड में 12 से 15 दिसम्बर 2024 तक प्रस्तावित 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो प्रस्तावित है। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस, वर्ल्ड आयुर्वेद फाउण्डेशन द्वारा स्थापित मंच है, जिसका लक्ष्य आयुर्वेद का वैश्विक स्तर पर प्रचार–प्रसार करना है। पहला वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस 2002 में कोच्चि में एक आउटरीच कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था। इसके बाद हर दो साल में पुणे, जयपुर, बैंगलोर, भोपाल, दिल्ली, कोलकाता और अहमदाबाद में आयोजित वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के माध्यम से आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने व वैश्विक स्तर पर प्रचार–प्रसार में सहायता मिली।

# स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिकी को मजबूत करें युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विद्यार्थियों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने के लिए राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में यूसर्क की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ यूसर्क की निदेशक डा. अनीता रावत ने वर्चुवल तरीके से किया। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन आर्थिकी बेहतर बनाने का एक बेहतर साधन है। यह कम खर्चे में शुरू होने वाला एक बेहतर स्वरोजगार है। साथ ही इससे वातावरण भी शुद्ध रहता है। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डा. विपिन पंवार ने कहा कि इस प्रशिक्षण से युवाओं में कौशल विकास के तहत कृषि आधारित


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

रोजगार के चयन में सहायता मिलेगी। बेरोजगार युवक-युवतियां छोटे या बड़े व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपनी बेरोजगारी को दूर कर सकते हैं। यूसर्क की वैज्ञानिक डा. मंजू सुन्दरियाल ने मौन पालन प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती ने कहा कि मधुमक्खी पालन कृषि व बागवानी उत्पादन बढ़ाने की क्षमता भी रखता है। इस मौके पर डा. बीपी उनियाल, डा. अनूप सिंह, डा. महेशचंद्र आर्या, प्रशांत, भारती, लक्ष्मी जोशी, डा. सुनील दत्त, डा. मनोज किशोर नौटियाल, डा. सुनील सिंह, डा. शूरवीर सिंह, डा. बबलु कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड में खेल महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन विद्यार्थियों ने कबड्डी सहित अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खेल महोत्सव के प्रथम दिन प्राइमरी कक्षाओं की जलेबी रेस, बैलून रेस, फाग रेस, पेयर रेस, स्पून रेस व यियर रेस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइमरी स्तर के बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। खेल महोत्सव का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश प्रसाद जोशी ने किया। सर्वप्रथम विगत वर्ष के विजेता रहे रमन हाउस के एथलीट ने मशाल लेकर खेल मैदान के चक्कर लगाएं। विद्यालय के सभी सदनों के खिलाड़ियों ने सदन की वेशभूषा व सदन के महापुरूषों के सिद्धातों से ओतप्रोत होकर कदम ताल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना का परिचय देने के लिए प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा के साथ-साथ मानसिक व शारीरिक विकास के लिए खेल भी बहुत जरूरी है। इसलिए प्रत्येक छात्र को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि वो अपनी प्रतिभा दिखा सके।


आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

### पहाड़ के रूटों पर रोडवेज की बस सेवाएं बढ़ाई जाएं

देहरादून। उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सड़क हादसों को रोकने के लिए पहाड़ी रूटों पर रोडवेज की बसें चलाने का सुझाव दिया है। इसके लिए रोडवेज के बेड़े में नई बसें शामिल करने या फिर रोडवेज को हर महीने बीस नई बसें खरीदनी की अनुमति देने की मांग की है।

महामंत्री दिनेश पंत ने कहा कि अल्मोड़ा में हुए बस हादसे से सबक लेने की जरूरत है। यह निजी बस थी, जो ओवरलोड थी। कहा कि रोडवेज की बसें सभी निममों का पालन करती हैं। रोडवेज का ड्राइवर अनुभवी होता है, इसके साथ ही बसों के लिए आयु सीमा और किलोमीटर की बाध्यता हैं, जिसे पूरा करने के बाद बस को बेड़े से बाहर किया जाता है, जबकि निजी बसों के लिए ऐसे मानक नहीं हैं, जिस कारण सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। उन्होंने पहाड़ी रूटों पर रोडवेज की बस सेवाएं बढ़ाने का सुझाव दिया है।

# अंबादत्त बलोदी को कुमाऊं की शिक्षा का जिम्मा

देहरादून। वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी अंबादत्त बलोदी कुमाऊं मंडल के एडी–माध्यमिक होंगे। माध्यमिक के साथ बेसिक के एडी का अतिरिक्त चार्ज भी उन्हीं के पास रहेगा। मंगलवार को सरकार ने शिक्षा विभाग के पांच अपर निदेशक समेत छह अधिकारियों के दायित्व में फेरबदल किया।

शिक्षा सचिव रविनाथ रमन ने दोपहर इसके आदेश किए। अपर निदेशक स्तर के अधिकारियों का हाल में ही प्रमोशन हुआ है। शिक्षा सचिव के अनुसार आशा रानी पैन्यूली को एडी–एससीईआरटी का दायित्व दिया गया है। अब तक प्रभारी के रूप में एडी–माध्यमिक का दायित्व संभाल रहे डॉ. मुकुल कुमार सती को स्थायी एडी–माध्यमिक के के रूप में मुख्यालय में तैनाती दी गई है। वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा निदेशक का महत्वपूर्ण प्रभार होने की वजह से डॉ. सती से समग्र शिक्षा अभियान के एपीडी का दायित्व हटा लिया गया है। जेडी–पीएम पोषण कुलदीप गैरोला को डॉ. सती के स्थान पर समग्र शिक्षा के एपीडी का का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

दूसरी तरफ, वर्तमान में संयुक्त निदेशक के रूप में बेसिक शिक्षा में कार्यरत रघुनाथ लाल आर्य को एडी–बेसिक की जिम्मेदारी दी गई है। महानिदेशक कार्यालय में संबद्ध बलोदी को कुमाऊं मंडल के माध्यमिक और बेसिक का एडी बनाया गया है। उत्तराखंड में अब तक प्रभारी सचिव के रूप में काम कर रहे विनोद प्रसाद सिमल्टी को बोर्ड में सचिव के पद पर तैनाती दी गई है। सिमल्टी से कुमाऊं के एडी–माध्यमिक का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया गया है।

# राज्यपाल ने किया ग्राफिक एरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में आयोजित उत्तर क्षेत्र के कुलपतियों के सम्मेलन का शुभारंभ

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को ग्राफिक एरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में आयोजित उत्तर क्षेत्र के कुलपतियों के सम्मेलन का शुभारंभ किया। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा आयोजित दो दिवसीय इस सम्मेलन में नॉर्थ जोन के 100 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रतिभाग कर रहे हैं, जबकि कई कुलपति इस सम्मेलन में वर्चुअल रूप से जुड़े। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज उच्च शिक्षा का परिदृश्य एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। जैसे–जैसे वैश्विक परिवर्तन की गति तेज हो रही है, प्रौद्योगिकी हमारे जीने, काम करने और सीखने के तरीके को बदल रही है। उन्होंने कहा कि हमारे शैक्षणिक संस्थान इन परिवर्तनों को अपनाने के लिए विकसित हों इस पर विशेष प्रयास करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि आज के महत्वपूर्ण बदलाव के दौर में, जहाँ तकनीकी एकीकरण उच्च शिक्षा के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह सही समय है कि हम अपनी उच्च शिक्षा प्रणाली को तकनीकी नवाचारों के साथ जोड़ें ताकि हम एक ऐसे प्रगतिशील समाज की स्थापना कर सकें जो ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार पर आधारित हो, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना आसानी से कर सकें। आज की युवा पीढ़ी को ज्ञान प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक कौशल व अनुभव की भी आवश्यकता है।

# पुरानी पेंशन बहाली को होगा मातृशक्ति सम्मेलन

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन ने ओपीएस बहाली को आंदोलन तेज कर दिया है। जल्द संगठन की ओर से मातृशक्ति सम्मेलन कर पुरानी पेंशन बहाली को दबाव बनाया जाएगा। जन जागरुकता अभियान के जरिए समाज के सभी वर्गो को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के प्रदेश महामंत्री मुकेश रतूड़ी ने कहा कि सभी जिलों में ब्लॉक स्तर तक सदस्यता अभियान के साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने को मातृशक्ति को साथ जोड़ा जा रहा है। महिला विंग की अध्यक्ष उर्मिला द्विवेदी ने कहा कि एनएमओपीएस की ब्लॉक कार्यकारिणी को मजबूत किया जाएगा। आने वाले दिनों में मातृशक्ति का एक प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सभी जिलों में जिला कार्यकारिणी को संगठन को मजबूत करने को कहा गया है। जल्द कुमाऊं मंडल की कार्यकारिणी का भी गठन कर दिया जाएगा।

# मार्चुला बस दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को जिलाधिकारी ने बंधाया ढांढस

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अदालीखाल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान गत दिवस मर्चूला में हुई बस दुर्घटना में शामिल मृतकों की अंत्येष्टि में तहसील धुमाकोट के अन्तर्गत सल्ड महादेव घाट पहुंचकर प्रभावित परिजनों को ढांढस बांधते हुए सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस दुःख की घड़ी में प्रभावितों के साथ खड़ा है। इसके उपरान्त धूमाकोट क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्री की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञाप सौंपा जिस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मकता से हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया।



इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अदालीखाल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए तैनात कार्मिकों की उपस्थिति की जांच पड़ताल की। उन्होंने स्वस्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य केन्द्र में तैनान चिकित्सक व सहायक कर्मचारी यदि एमओआईसी की पूर्व स्वीकृति के बगैर अनुपस्थित रहता है तो सम्बंधित के प्रति अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाये। डीएम ने चिकित्सालय में पुरानी विद्युत फिटिंग को देखते हुए जिलाधिकारी ने इसकी प्राथमिकता के अधार पर मरम्मत करवाने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने जिलाधिकारी से स्वास्थ्य केन्द्र की मरम्मत करने के लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने की भी बात रखी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्या, फार्मेसिस्ट मनमोहन सिंह, सीएचओ पूनम श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स नीतू आदि उपस्थित थे।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0 व ई0पी0एफ0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 27.11.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 26.11.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 14/2024–25 | रू0 100/– | वि0वि0 उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के अन्तर्गत विधायक निधि में लाइन शिफ्टिंग का कार्य। | 5000.00 |
| 15/2024–25 | रू0 100/– | वि0वि0 उपखण्ड प्रथम कोटद्वार के अन्तर्गत जमा मद में लाइन शिफ्टिंग का कार्य। | 5000.00 |
| 16/2024–25 | रू0 1000/– | वि0वि0 उपखण्ड तृतीय, जयहरीखाल के अन्तर्गत जयहरीखाल अनुभाग में परिवर्तको की क्षमतावृद्धि का कार्य। | 45000.00 |

पत्रांक : 3081/विविखको/टी–6
दिनांक : 05.11.2024

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)


# 12 दिसम्बर से शुरू होगी 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** राज्य में 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो के आयोजन की पुख्ता व्यवस्था को लेकर मंगलवार को आयोजित बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आयुष, पर्यटन, लोक निर्माण, संस्कृति, परिवहन, उच्च शिक्षा व चिकित्सा शिक्षा विभाग को तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए।

वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के उत्तराखण्ड राज्य में आयोजन को ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम अवसर बताते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि इस दौरान राज्य की आयुर्वेद क्षेत्र में उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के दौरान सभी आयुष हितधारकों, आयुर्वेदिक शैक्षणिक संस्थाओं, उद्यमों व राज्य एवं केन्द्रीय स्तर के संगठनों, औषधीय पौध क्षेत्र, आयुष हेल्थ केयर से जुड़े लोगो व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभी तक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 4501 डेलिगेट्स उत्तराखण्ड के देहरादून में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। डेलिगेट्स हेतु रजिस्ट्रेशन 15 नवम्बर तक खुले हुए हैं। मुख्य मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी देहरादून को वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर नोडल



अधिकारियों को जल्द नामित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उक्त सम्मेलन में देश और विश्वभर से प्रतिभाग करने वाले अतिथियों हेतु सभी व्यवस्थाओं के पुख्ता प्रबन्धन करने को कहा। उत्तराखण्ड में 12 से 15 दिसम्बर 2024 तक प्रस्तावित 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो प्रस्तावित है। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस, वर्ल्ड आयुर्वेद फाउण्डेशन द्वारा स्थापित मंच है, जिसका लक्ष्य आयुर्वेद का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करना है। पहला वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस 2002 में कोच्चि में एक आउटरीच कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था। इसके बाद हर दो साल में पुणे, जयपुर, बैंगलोर, भोपाल, दिल्ली, कोलकाता और अहमदाबाद में आयोजित वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के माध्यम से आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने व वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार में सहायता मिली। आगामी 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो में देशभर से आयुष व आयुर्वेद क्षेत्र जुड़े प्रतिनिधियों, संस्थाओं, संगठनों, एनजीओं के साथ ही यूरोप, अफ्रीका, एशिया, लेटिन अमेरिका, नार्थ ईस्ट एशिया के विभिन्न देश प्रतिभाग करेंगे। 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एण्ड अरोग्य एक्सपो की थीम ''डिजिटल हेल्थ'' रखी गई है। बैठक में सचिव रविनाथ रमन, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com